
तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 26 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 बच्चे खेल-खेल में सीख रहे विविध गतिविधियां

14 बेरला जनपद पंचायत के अध्यक्ष चुने गए प्रीतम, उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी यामिनी को




## बेरला ब्लाक के पिरदा-बोरसी में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट के बाद दहशत

# मलबे में जगह-जगह बिखरे मांस के लोथड़े अपनों के बारे में जानने भटकते रहे परिजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम पिरदा-बोरसी स्थित बारूद फैक्ट्री में शनिवार सुबह हुए जोरदार विस्फोट से 5 से 10 किलोमीटर दूर तक लोग दहल गए। धमाके के शुरुआती दौर में लोगों ने इसे भूकंप का झटका माना। बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में आधिकारिक तौर पर 1 मजदूर के मरने व 6 लोगों के घायल होने की पुष्टि प्रशासन कर रहा है, परंतु बोरसी-पिरदा स्थित इस स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में हुए विस्फोट में फैक्ट्री में कार्यरत बड़ी संख्या में मजदूरों के मरने व घायल होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल प्रशासन ने एक मजदूर के मौत की पुष्टि की है, वहीं 6 मजदूरों को उपचार के लिए गम्भीर अवस्था में राजधानी रायपुर रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार चूंकि नाइट शिफ्ट में बड़ी संख्या में मजदूर कार्य कर रहे थे। उनमें से महज 7 लोगों का ही पता चल पाया है, जिनमें एक की मौत हो चुकी है, बाकि की खोजबीन समाचार लिखे जाने तक भी जारी है। लापता मजदूरों के परिजनों में घटना स्थल पर जमकर आक्रोश जताया है। जिस प्रकार मलबे में मानव अंगों के टुकड़े दिखाई दे रहे हैं, उससे और भी लाशें मिलने की आशंका जताई जा रही है। अभी तक विस्फोट होने के कारण की जानकारी देने से प्रशासन बच रहा है। प्रशासन ने बताया कि मरने वाले का नाम सेवक राम है, जो ग्राम बोरसी का निवासी था। वहीं, घायलों में इंद्रकुमार रघुवंशी बोरसी, दिलीप ध्रुव पिरदा, नीरज यादव गोतामार, चंदन कुमार पिरदा, मनोहर यादव गोतामार, रवि कुर्रे हरदी का ईलाज एम्स रायपुर में चल रहा है।

### चार मंजिला मकान ध्वस्त

बता दें कि विस्फोट इतना भयानक था कि फैक्ट्री के अंदर एक चार मंजिला मकान भी ध्वस्त होकर जमीदोज हो गया है। इस भीषण घटना में मकान के धराशायी होते ही मलबे में बदलने से बड़ी संख्या में मजदूर दबे हुए हैं, जिससे कहा जा सकता है कि इस घटना में दर्जनों मजदूरों की मौत हो चुकी हैं, क्योंकि जिस तरह से मलबे में मानव शरीर के अंग अलग-अलग स्थानों पर दबे पड़े हुए हैं। इसके अलावा मजदूरों के परिजन अपने-अपने सदस्यों की जानकारी एवं पतासाजी करने प्रशासन से रोते बिलखते गुहार लगाते नजर आए। प्रशासन इस दौरान उनके सवालों से बचते रहे।

उधर, इतने भयंकर हादसे की सूचना पर भी प्रशासन की टीम घटनास्थल पर करीब 4 घण्टे लेट पहुँची। जबकि विस्फ़ोट के धमाके की गूंज सुनते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण फैक्ट्री के आसपास पहुँच गए थे। इस दौरान प्रशासन की ओर से महज कण्डरका पुलिस ही उपस्थित थी। धीरे-धीरे सैकड़ों की तादाद में लोग प्रभावित क्षेत्र में घुस गए। इस दौरान लोगों में फैक्ट्री प्रबंधन व प्रशासन के प्रति काफी गुस्सा व आक्रोश दिखाई पड़ा। बाद में दुर्ग कमिश्नर-सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर-रणबीर शर्मा, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी-रामकृष्ण साहू सहित जिले के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

### फैक्ट्री के बाहर ग्रामीणों ने बताए कई मजदूरों के नाम

जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई अधिकृत सूची में 6 लोग घायल होने एवं एक मजदूर की मृत्यु होने की पुष्टि की गई है। किंतु, फैक्ट्री के बाहर जो ग्रामीण डटे हुए थे, उनसे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पिरदा सहित आसपास के साथ लोग ऐसे हैं, जो काम करने तो गए थे, पर अब तक किसी का सुराग नहीं मिल पाया है। इनमें से पुष्पराज पिता हीरालाल उम्र 22 साल, विजय गंधर्व पिता मुन्नालाल उम्र 26 साल, रामकिशन ध्रुव पिता रामकुमार ध्रुव उम्र 20, साल लोकनाथ यादव जो कि ग्राम गबद्दा के रहने वाले हैं। वहीं, ग्राम उफरा निवासी शंकर, बोरसी निवासी ऑपरेटर विशन साहू तथा नरहर यादव के परिजन भी फैक्ट्री के सामने डटे रहे और उन्हें तलाशते रहे। लेकिन, उनके बारे में न तो फैक्ट्री प्रबंधन कुछ बता पा रहा था और न ही प्रशासन कोई जवाब दे पा रहा था।




### ग्रामीणों ने लगाया आरोप

घटनास्थल का मुआयना करने के दौरान ग्राम पिरदा, ग्राम बोरसी सहित आसपास के लगभग आधा दर्जन गांवों के लोगों में फैक्ट्री प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर काफी नाराजगी थी। फैक्ट्री का दुष्परिणाम आसपास के गांव के लोगों को उठाना पड़ रहा था। लोगों के अनुसार पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। इसे लेकर कई बार विरोध भी दर्ज कराया गया, किंतु रसूखदार फैक्ट्री मालिक के कारण ग्रामीणों के विरोध को हमेशा दबाया जाता रहा।

### घटना सुबह 7:58 की घटना

फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी के फुटेज एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने से इस बात की पुष्टि हुई कि फैक्ट्री में सुबह 7:58 पर धमाका हुआ। इसके साथ ही धुएं का गुबार आसमान की ओर उठा। इसकी गति इतनी तेज थी कि चंद मिनटों में ही आसपास का क्षेत्र बारूद के धुएं से भर गया।



### 2023 में 15 दिन के लिए निलंबित था लाइसेंस

ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों के लगातार विरोध और शिकायत के बाद जिला प्रशासन द्वारा 2023 में स्पेशल ब्लास्ट बारूद फैक्ट्री का लाइसेंस 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। किंतु राजनीतिक रसूख के चलते फैक्ट्री संचालक ने केवल एक सप्ताह में ही निलंबन को समाप्त करवाकर फिर से अपना काम शुरू कर दिया था।



### हाजिरी रजिस्टर गायब

शनिवार को हुए इस जबरदस्त विस्फोट के बाद ग्रामीणों में भी इस बात को लेकर गुस्सा फूट गया, कि प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन वास्तविकता को छुपाने में लगा हुआ है। लोगों का कहना है कि मलबे में मांस के लोथड़े जगह-जगह दिखाई दे रहे हैं और प्रशासन महज एक मृत्यु की अधिकृत घोषणा कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं फैक्ट्री प्रबंधन पर वास्तविकता को छुपाने का आरोप लगाया। इस बीच पता चला कि कंपनी में काम करने वाले मजदूरों के हाजिरी रजिस्टर को गायब कर दिया गया। लोगों का कहना है कि हाजिरी रजिस्टर से ही वास्तविक मजदूरों की संख्या सामने आ पाएगी, कि आखिर कितने और कौन-कौन मजदूर दुर्घटना के दौरान फैक्ट्री के अंदर थे।





### फैक्ट्री का केवल ढांचा ही नजर आ रहा है

फैक्ट्री में धमाका कितना शक्तिशाली रहा होगा इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चंद मिनट में ही पूरी फैक्ट्री केवल ढांचे में ही तब्दील हो गई। फैक्ट्री की दीवार ढह गई। वहीं, कई फीट गहरा गड्ढा हो गया। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों में जोरदार गूंज सुनाई दी।

### ग्रामीणों को रोकने फैक्ट्री के गेट के पास जलाया अमोनिया

धमाके के बाद जब ग्रामीण फैक्ट्री के बाहर एकत्रित होने लगे और अंदर जाने का प्रयास करने लगे, तो फैक्ट्री के प्रबंधन ने उन्हें रोकने के लिए गेट के पास अमोनिया जलाकर धुआं कर दिया। इसके कारण लोग दहशत के कारण वहां से भागने भी लगे। हालांकि, जब उन्हें इस बात का एहसास हुआ तो उनका गुस्सा और ज्यादा बढ़ गया।

### कलेक्टर ने कहा पहले राहत व बचाव जरूरी, फिर होगी जांच और कार्रवाई

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि फिलहाल राहत व बचाव प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका के बीच सावधानी से मलबा हटाने व खंगालने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मृतक एवं पीड़ितों के लिए मुआवजा का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही साथ मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि इस पूरी घटना के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

देर शाम समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम और जेसीबी की मशीन मलबा हटाने में लगी हुई थी। मलबे में मलबे के अतिरिक्त मजदूरों के शरीर के टुकड़े जगह-जगह पड़े हैं।

### जिला प्रशासन ने की एक की मृत्यु व 6 के घायल होने की पुष्टि

बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा ने दुर्घटना में एक मजदूर की मृत्यु तथा छह लोगों के घायल होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि घटना में बोरसी निवासी सेवकराम की मौत हो गई है। वहीं, रवि कुर्रे, इंद्र कुमार ध्रुव ग्राम बोरसी दिलीप ध्रुव ग्राम पिरदा नीरज यादव चंदन कुमार मनोहर यादव घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों का उपचार रायपुर के अस्पतालों में किया जा रहा है।

### जनप्रतिनिधि व राजनीतिक दलों के लोग भी पहुंचे

हादसे की जानकारी मिलते ही डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री दयालदास बघेल, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ,अवधेश चंदेल योगेश तिवारी राहुल टिकरिहा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उप-मुख्यमंत्री साव ने कहा कि हादसे में मृतक परिजनों को पांच लाख रुपये एवं घायलों को पचास-पचास हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण मामले की मजिस्ट्रियल जांच होगी।

### मजदूरों के परिजनों व ग्रामीण में आक्रोश

घटना के बाद भीड़ आक्रोशित हो गई। इस दौरान कुछ लोगों ने कंपनी के ऑफिस में जाकर तोड़फोड़ मचा दी। आक्रोशित भीड़ के डर से कंपनी के कर्मचारियों को जान बचाने के लिए ऑफिस छोड़कर भागना पड़ा। इसके कारण प्रशासन को मजदूरों के संबंध में डाटा लेने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ को काबू करने के लिए प्रशासन ने धुएं का प्रयोग किया। पूरे 12 घंटे बीत जाने के बावजूद जिला प्रशासन मजदूरों के संबंध में वास्तविक जानकारी देने से बचती रही। प्रशासन ने अभी तक केवल एक ही मजदूर के मृत होने की पुष्टि की है, तथा 6 मजदूर के घायल होने का पता चला है। जबकि इस फैक्ट्री में ग्रामीणों के बताए अनुसार दिन के शिफ्ट में करीबन 200 से 300 तथा रात के शिफ्ट में 50 से 100 के करीब मजदूर अक्सर काम किया करते थे। छह लोगों की जानकारी के बाद बाकी लोग कहां गए, उसकी अभी कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिल पाई है। लापता मजदूरों के परिजन काफी आक्रोशित हैं।

### दहशत में आसपास के ग्रामीण

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फैक्ट्री में विस्फोट के धमाके की गूंज करीब 5-10 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। वहीं, इस विस्फोट से सैकड़ों फीट ऊपर तक पत्थर, छड़ व मृतक मज़दूरों के मांस के चिथड़े उड़ते दिखाई दिए। इसे देखकर आसपास के ग्रामीण काफी दहशत में दिखाई दिए। हालांकि धीरे धीरे घटना के बाद पूरा प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचा, एनडीआरएफ टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। तमाम तरह के जतन फैक्ट्री में रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए किए गए और देर शाम समाचार लिखे जाने तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। कलेक्टर रणवीर शर्मा स्वयं घटनास्थल पर पूरे दिन डटे रहे और आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

---

## पूर्व अध्यक्ष द्वारा हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका पर मिला स्टे

# नवागढ़ जनपद अध्यक्ष के उपचुनाव पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जनपद पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष के लिए 27 मई होने वाले उपचुनाव पर बिलासपुर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। अंजली मार्कण्डेय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर स्टे ऑर्डर मिला है।

उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष पद के लिए बेमेतरा कलेक्टर ने उपचुनाव की तारीख तय करते हुए एसडीएम नवागढ़ को पीठासीन अधिकारी नियुक्त भी कर दिया था।

चूंकि जनपद सदस्यों द्वारा अंजली मार्कण्डेय पर सरकारी राशि के दुरुपयोग की शिकायत की गई थी। इस पर कलेक्टर द्वारा जांच भी कराई गई और उन्हें छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 40 (1) के तहत जनपद पंचायत नवागढ़ की अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कलेक्टर के आदेश के खिलाफ आयुक्त दुर्ग संभाग के समक्ष अंजली मार्कण्डेय ने अपील की थी, जो लंबित है। इसके बाद कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत नवागढ़ में उप-चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए ज्ञापन जारी किया गया था।




### नारी स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे : अंजलि

इस संबंध में जनपद पंचायत नवागढ़ की पूर्व अध्यक्ष अंजली मार्कण्डेय ने कहा कि भाजपा शासनकाल में महिला जनप्रतिनिधियों के प्रति दमनकारी नीति के कारण भय का माहौल बनाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सत्ता के आदेश पर षडयंत्र पूर्वक फंसाया जा रहा है। कुछ दलाल लोग जो दोनों दलों की राजनीतिक रोटी सेंकते हैं, वे सक्रिय हैं। इसी सोच के खिलाफ लड़ाई लड़ती रहूंगी। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अभी तो ये शुरुआत है, आगे की लड़ाई और साहस के साथ लड़ी जाएगी। नारी स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे।

### मामला आयुक्त के समक्ष लंबित, फिर भी ज्ञापन जारी

बता दें कि मामला आयुक्त दुर्ग संभाग के समक्ष लंबित है। उच्च न्यायालय ने 9 मई को आयुक्त दुर्ग डिवीजन 30 दिनों की अवधि के भीतर उपरोक्त मामले की कार्यवाही समाप्त करने का निर्देश दिया है लेकिन उपरोक्त अवधि अभी पूरी नहीं होने और आचार संहिता प्रभावी होने बावजूद उपचुनाव ज्ञापन जारी किया गया है। इसलिए कोर्ट ने उपचुनाव पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है।

ऐसे ही एक अन्य मामले गौरी बाई धुर्वे बनाम छत्तीसगढ़ राज्य व अन्य और अन्य संबंधित मामलों में पारित निर्णय दिनांक 21.06.2018 के माध्यम से यह माना है कि हटाए गए सरपंच के पुनरीक्षण के लंबित रहने के दौरान सरपंच पद के लिए उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है।

## विद्यालय में पुस्तक का अपमान पन्ने फाड़कर बांटा नाश्ता

**अर्जुन्दा।** अंचल के एक शासकीय स्कूल में विद्या का अपमान करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि शासकीय स्कूल में वहाँ के प्रधान पाठक ने पुस्तक को फाड़कर उसके पन्नों पर छात्रों से नाश्ता बंटवाया। वहीं, मामले की जानकारी के बाद विभागीय अधिकारी जाँच कर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। पूरा मामला अर्जुन्दा नगर से तीन किलोमीटर दूर ग्राम मटेवा स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल का है। जहां पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया गया था। जब समर कैम्प ख़त्म हुआ तो बच्चों के लिए नाश्ता मंगाया गया। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि प्रधान पाठक ने बच्चों को ऑफिस में रखी पुस्तक मंगाई और उसे फाड़ने के लिए कहा। बच्चों ने प्रधान पाठक के कहने पर पुस्तक को फाड़ा और उसके पन्नों पर नाश्ता बाँटा।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# रेलवे के विद्युत लोको शेड में लगाए 37 कैमरे, सुरक्षा-मरम्मत की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

रेलवे के विद्युत लोको शेड में होने वाले मरम्मत कार्यों की बेहतर निगरानी हो सकेगी। इसके साथ शेड पूरी तरह सुरक्षित भी रहेगा। इसके लिए शेड के चप्पे-चप्पे पर कैमरे लगा दिए गए हैं। रेलवे का मानना है कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों की कार्यकुशलता सुदृढ़ होगी। रेलवे की वर्कशाप काफी महत्वपूर्ण जगह है। यहां इलेक्ट्रिक लोको का रखरखाव के साथ तकनीकी खराबियां सुधारी जाती है। इसके बाद ही इंजन ट्रेनों में जुड़ता है। यहां सामान इधर-उधर बिखरे पड़े रहते हैं और यदि काम में थोड़ी भी चूक होती है तो इसके चलते ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो सकता है। इसे देखते हुए ही रेलवे ने यहां की सुध ली है।

### आरपीएफ में जवानों की कमी होने से अब विद्युत लोको शेड की सुरक्षा भी कैमरे के भरोसे

#### लोको शेड में 37 सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान

यहां सूक्ष्म से सूक्ष्म गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। इनकी मदद से रेलवे स्टेशनों और रेल परिसरों में बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। अब मंडल के प्रमुख कार्यालयों व वर्कशाप पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत ही बेहतर सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी का प्रविधान किया जा रहा है। इससे यहां की सम्पूर्ण गतिविधियों की बेहतर निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की जा सके। इसी क्रम में विद्युत लोको शेड में 37 सीसीटीवी कैमरे का प्राविधान किया गया है। कैमरे लोको शेड के सभी कार्यस्थलों, शाप, स्टोर, प्रशासनिक भवन, कैंटीन में लगाए गए हैं। इसके अलावा अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को भी पकड़ा जा सकता है।



#### निगरानी के लिए बनाया गया कंट्रोलरूम

इन कैमरों को लगाने के साथ ही निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम भी तैयार किया गया है, जहां एक बड़ी स्क्रीन लगाई गई है। इनका कनेक्शन सीधे कैमरे से है। स्क्रीन पर पूरे समय लोको शेड की गतिविधियां नजर आती हैं। इन कैमरों के लगने से कहीं न कहीं आरपीएफ को भी राहत मिलेगी। आरपीएफ में बल सदस्यों की कमी है। ऐसी स्थिति में स्टेशन से लेकर कार्यालयों में आरपीएफ जवानों की तैनातगी मुनासिब नहीं है। यह कैमरे ही सुरक्षा बल का काम करेंगे। यदि कुछ घटना होती है, तो आसानी से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। इसके अलावा कर्मचारी भी काम में लापरवाही नहीं बरत सकते। उनमें हर समय कैमरे का डर रहेगा।

## खबर संक्षेप

### महिला विंग की अध्यक्ष भावना, कार्यकारी अध्यक्ष बनीं डिंपल





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी की सर्वसम्मति से छग सिंधी पंचायत महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष भावना कुकरेजा एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डिंपल शर्मा को नियुक्त किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री दरयानी, प्रवक्ता सुभाष बजाज, महासचिव बलराम आहूजा ने संयुक्त रूप से बताया कि सिंधी समाज में एक उदाहरण पेश करते हुए वर्तमान कार्यकरिणी ने बहुमत से निर्णय लिया है कि गुटबाजी को न देखकर कार्य को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं में विगत कई वर्षों से सक्रिय भावना कुकरेजा को प्रदेश अध्यक्ष व डिंपल शर्मा को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### रक्तदान शिविर आज

**रायपुर।** समाजसेवी संस्था पाञ्चजन्य संतति विकास सेवा समिति छत्तीसगढ़ और कुनकुरी सेवा सदन के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन कोटा में किया जा रहा है। रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शुक्रवारी बाजार रेलवे फाटक के पास मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक-23 में यह कार्यक्रम आयोजित है।

### नारद जन्मोत्सव पर मनाया पत्रकार वंदन दिवस



**रायपुर।** आद्य पत्रकार देवर्षि नारद के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज ने पत्रकार वंदन दिवस के रूप में मनाया। समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा , स्वप्निल तिवारी पिथौरा, श्याम किशोर शर्मा राजिम, रोशन स्वास्थ्य देवभोग, विक्रांत शर्मा धमतरी, नंदलाल मिश्रा बसना को कलमवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा सांस्कृतिक मंच प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा सहित पदाधिकारी नीरज शर्मा, अशोक मिश्रा, सुमित शर्मा, अजय जोशी, मनीष मिश्रा व पदाधिकारियो ने भगवान परशुराम गमछा, स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मानित किया। संचालन प्रीति दीक्षित तथा आभार धनंजय शर्मा ने किया।

### मजदूरों का किया सम्मान योजनाओं की दी जानकारी

**रायपुर।** मजदूर सेवा समिति द्वारा मजदूरों के सम्मान में वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मजदूरों के हितों, सुरक्षा, भविष्य के संबंध में चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष अजय चकोले ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मजदूरों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस दौरान सुशील विश्वकर्मा, फरीद कुरैशी, चंदू तांडी आदि शामिल हुए।

### कैरियर काउंसिलिंग 'छू लो आसमान' सेमिनार आज

**रायपुर।** पढ़ाई के दौरान अपना कैरियर तय करने के लिए विद्यार्थियों को सही राह दिखाने काउंसिलिंग दी जाएगी। बढ़ते कदम संस्था द्वारा 26 मई रविवार को इसके लिए छू लो आसमान सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता सुंदर बजाज एवं यथार्थ गुरुबक्षाणी ने बताया कि शाम 5 बजे से शहीद स्मारक भवन में कैरियर गाइडेंस के एक्सपर्ट्स एवं मोटिवेशनर फ़ाजिल सर प्रमुख वक्ता होंगे। संस्था के संस्थापक इंद्र डोडवानी और अध्यक्ष सुनील छतवानी ने बताया कि छात्रों के सपनों को साकार करने के लिए संस्था बढ़ते कदम पिछले 13 वर्षों से दृढ़संकल्पित है, हर वर्ष विभिन्न शहरों में भी संस्था कैरियर काउंसिलिंग के प्रोग्राम करती आ रही है।

### महिला लालपुर की रहने वाली, बेटे ने 21 मई को दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

# जेवर-कपड़े से हुई महिला के लाश की शिनाख्त, पोस्टमार्टम में होगा खुलासा

**महिला का मोबाइल घर पर, कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस आगे की जांच करेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में गुरुवार को कमल विहार सेक्टर-4 में नाले के पाइप में मिली महिला की लाश की शिनाख्ती हो गई है। महिला लालपुर की रहने वाली है। महिला के बेटे ने 21 मई को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मां 18 मई से लापता है। पुलिस के अनुसार लाश के पास से मिले सामान के आधार पर महिला की शिनाख्ती हो पाई है। महिला का शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा, इसके बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान 45 वर्षीय केवरा बाई के रूप में हुई है। मृतका के पहने गहने के आधार पर बेटे ने लाश की पहचान की है। पुलिस के अनुसार महिला का पति नहीं है। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद महिला की तलाश की जा रही थी, इसी दौरान लाश मिलने की सूचना पर गुम महिला के बेटे से संपर्क किया गया और उसे लाश के पास से मिले जेवर तथा कपड़े दिखाए गए, तो बेटे ने लाश अपनी मां की होने की पुष्टि की।

#### जांच में क्राइम टीम शामिल

कमल विहार में मिली महिला की लाश में चोट के निशान को देखते हुए पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने स्थानीय पुलिस के साथ ही एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम भी जांच में जुट गई है। लाश की शिनाख्ती होने के बाद पुलिस ने महिला के मोबाइल के बारे में जानकारी हासिल की, तब पुलिस को पता चला कि महिला जिस दिन से गायब हुई है, उसका मोबाइल उसी दिन से घर पर है।


संदिग्ध हालत में मिली युवती की लाश, रेप और हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार के सेक्टर-4 में एक 26 से 30 साल की महिला की गुरुवार दोपहर लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। महिला की लाश सूनसान झाड़ियों में नाले के पाइप में मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम करने के लिए मरचुरी रवाना कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि महिला के साथ रेप करने के बाद हत्या कर लाश झाड़ियों में नाले के पाइप में छिपाई गई होगी। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

- टिकरापारा थाना क्षेत्र की घटना, घटना स्थल के आसपास शराब की खाली शीशी के साथ डिस्पोजल मिले

पुलिस के मुताबिक महिला की लाश तीन से चार दिन पुरानी है। आसपास के लोगों ने नाले के पास से बदबू आने पर वहां जाकर देखा, तो एक महिला की लाश अर्धनग्न हालत में पाइप के अंदर पड़ी थी। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने आसपास पतासाजी की, तो घटनास्थल के पास शराब की खाली शीशी के साथ डिस्पोजल पड़े मिले। पुलिस को आशंका है कि आसपास मंडराने वाले नशेड़ियों ने महिला के साथ रेप कर हत्या की होगी।

महिला के सिर, चेहरे पर चोट के निशान

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव का परीक्षण किया, तो पाया कि महिला के सिर तथा चेहरे पर चोट के निशान थे। पुलिस को आशंका है कि महिला द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर रेप की घटना को अंजाम दिया होगा। सिर तथा चेहरे पर गंभीर चोट लगने की वजह से महिला की मौत हुई होगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि महिला की साड़ी तथा लहंगा ऊपर उठा हुआ था। साथ ही महिला के अंडरगार्मेंट नहीं थे। इस वजह से पुलिस महिला के साथ रेप होने की आशंका व्यक्त कर रही है। शुक्रवार को महिला का शार्ट पीएम मिलने के बाद महिला की मौत की असल वजह के साथ रेप की बात की पुष्टि होगी। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

#### कॉल डिटेल के आधार पर जांच

हत्या की गुत्थी सुलझाने महिला के मोबाइल को पुलिस एक बड़ा आधार मान रही है। पुलिस के अनुसार महिला जिस दिन अपने घर से गायब हुई थी, उसके पूर्व महिला ने किन लोगों से बात की है, इसके साथ महिला ने आखिरी बार किससे बात की है, पुलिस इस संबंध में जानकारी जुटाने की बात कह रही है। इसके साथ ही महिला आखिरी बार किससे मिली है, इसके बारे में जानकारी जुटाने के बाद जांच की दिशा तय करने की जानकारी दी है।



#### जिस दिन गायब उसी दिन हत्या की आशंका

पुलिस के अनुसार महिला 18 मई को अपने घर से गायब हुई है। पुलिस को आशंका है कि महिला जिस दिन अपने घर से गायब हुई है, उसकी हत्या उसी दिन कर दी गई होगी। इसके साथ ही पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है कि आखिर महिला कमल विहार कैसे और किसके साथ पहुंची। इस संबंध में जानकारी जुटाने पुलिस, सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल करेगी।

#### कमल विहार बना अपराधियों का अड्डा

कमल विहार क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त नहीं होने तथा इलाके के चारों तरफ अंधेरा होने का फायदा असामाजिक तत्व के लोग उठाते हैं। कमल विहार का इलाका टिकरापारा तथा मुजगहन थाना क्षेत्र से सटा है। नियमित पुलिस गश्त नहीं होने तथा क्षेत्र में अंधेरा होने की वजह से इलाके में असामाजिक तत्व शराब खोरी करने के साथ ही चोरी तथा लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। यही वजह है कि कमल विहार में महिला की हत्या होने के पांच दिन बाद पुलिस को घटना की जानकारी मिली है।

# हरदीडीह खदान में पकड़ाई दो चेन माउंटेन मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नियम में मजदूरों से कराया जाना है रेत लोडिंग का काम

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र के हरदीडीह रेत खदान में अवैध उत्खनन और नियम विरुद्ध तरीके से रेत का उत्खनन व लोडिंग का काम किया जा रहा है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया था। इस खबर का असर अब देखने को भी मिल रहा है। खनिज विभाग की टीम शुक्रवार को आरंग क्षेत्र के खदानों का निरीक्षण करने निकली थी। इस दौरान हरदीडीह खदान में नियम विरुद्ध तरीके से रेत लोडिंग का काम चेन माउंटेन मशीन से कराया जा रहा था, जबकि यह काम मजदूरों से कराया जाना है। टीम ने इस पर कार्रवाई करते हुए दोनों मशीन को जब्ती बनाया है।

विदित हो कि जिले में 13 रेत खदानें है। इनमें से 6 खदानों हरदीडीह, कागदेही, कुरुद, लखना, कुम्हारी व पारागांव को ही सीआ से एनओसी मिली हुई है, जबकि अन्य खदानों को एनओसी नहीं मिली है। जिन खदानों को एनओसी मिली है, उनमें से कई खदानों में नियम विरुद्ध चेन माउंटेन मशीनों से रेत लोडिंग कराई जा रही है। ऐसे कई मामलों में पूर्व में भी कार्रवाई की गई है। कई खदानों में अवैध रूप से उत्खनन भी किया जा रहा है, लेकिन टीम के निरीक्षण के दौरान आज अवैध उत्खनन का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

#### ज्यादातर खदानों में नियम का पालन नहीं

जिन खदानों को सीआ से अनुमति मिली हुई है, उनमें से ज्यादातर खदानों में रेत लोडिंग का काम चेन माउंटेन मशीनों से ही कराया जाता है। मजदूरों से रेत लोडिंग कराने में बहुत समय लगता है। इसके कारण रेत का परिवहन भी कम हो पाता है। मशीन से कम समय में रेत की लोडिंग हो जाती है, जिससे ज्यादा से ज्यादा रेत का परिवहन हो पाता है। इससे रेत ठेकेदार को जमकर मुनाफा होता है। इसे देखते हुए खदानों के ठेकेदार मजदूरों की जगह चेन माउंटेन मशीनों से रेत की लोडिंग कराते हैं।

# कर्जदारों की आईडी से महादेव एप के लिए बैंक में अकाउंट, एक करोड़ का ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने उधार देकर कर्जदारों की आईडी से महादेव सट्टा एप के लिए बैंक अकाउंट खुलवाने के आरोप में एक व्यक्ति तथा उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 107 बैंक पासबुक जब्त की है। साथ ही प्रारंभिक जांच में पुलिस को जब्त पास बुक में एक करोड़ रुपए से ज्यादा लेन-देन होने की जानकारी मिली है।

पुलिस के मुताबिक कर्जदारों की आईडी से महादेव सट्टा एप के लिए बैंक में अकाउंट खुलवाने के आरोप में देवपुरी निवासी निखिल आहूजा, अमलीडीह निवासी संजय जसवानी तथा पंडरी निवासी सुनील कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शत्रुहन लाल जायसवाल की शिकायत पर निखिल को गिरफ्तार किया है। शत्रुहन ने पुलिस को बताया है कि उसने निखिल से जरूरत पड़ने पर एक दो बार उधार में रकम ली थी और समय पर पैसे वापस कर दिए थे। शत्रुहन ने पुलिस को बताया है कि एक बार फिर से पैसों की जरूरत पड़ने पर उसने निखिल से पांच हजार रुपए मांगे थे। इस पर निखिल ने शत्रुहन से उसका पैन कार्ड के साथ आधार कार्ड की कॉपी लेने के साथ बैंक के दस्तावेज में हस्ताक्षर कराकर अपने पास रख लिया।




#### अकाउंट खुलवाने दिल्ली से अज्ञात कॉल

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी संजय ने पुलिस को बताया कि छह माह पूर्व उसके पास दिल्ली से अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने संजय को महादेव सट्टा एप के लिए अकाउंट उपलब्ध कराने 16 हजार रुपए देने का लालच दिया। इसके बाद संजयने अपने साथी निखिल तथा सुनील को अपने साथ शामिल कर लिया और जरूरतमंद लोगों की मदद कर उनकी आईडी अपने कब्जे में लेकर बैंक में अकाउंट खुलवाने लगे।

#### मिलते थे 16 हजार

पूछताछ में संजय ने पुलिस को बताया है कि महादेव सट्टा एप संचालित करने वाले उन्हें प्रति अकाउंट 16 हजार रुपए देते थे। पूछताछ में संजय ने पुलिस को बताया है कि वो जिन लोगों के नाम से अकाउंट खुलवाते थे, उसे एकत्रित करने के बाद ट्रेन के माध्यम से नागपुर तथा दिल्ली भेज देते थे। अकाउंट के साथ एटीएम तथा चेकबुक भेजने का काम संजय तथा उसके साथी करते थे।

# आधा दर्जन चोरी की दोपहिया के साथ ओडिशा का वाहन चोर गिरफ्तार

- पुलिस गिरफ्त में आया वाहन चोर पूर्व में भी दोपहिया चोरी के आरोप में जेल जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने पंडरी में रह रहे ओडिशा के शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की आधा दर्जन दोपहिया जब्त की है। दुर्ग तथा रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वाहन चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस गिरफ्त में आया शातिर पूर्व में भी पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। पुलिस के मुताबिक दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में ओडिशा,



का ला हां डी निवासी नवीन उर्फ सुनील सुनानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर नवीन को चोरी की दोपहिया बेचने ग्राहक तलाश करते गिरफ्तार किया गया है। मौके पर ग्राहक बनकर पहुंची पुलिस ने नवीन से वाहन के दस्तावेज देने की मांग की, तो उसने गोलमोल जवाब दिया।

*झांसा देने नंबर प्लेट बदल देता था : पुलिस ने नवीन के कब्जे से चार नंबर प्लेट जब्त की है। पूछताछ में नवीन ने पुलिस को बताया है कि वह चोरी की दोपहिया को खपाने तथा पुलिस से बचने चोरी की दोपहिया में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचता था। चोरी की दोपहिया बेचने वह मजदूर वर्ग के ग्राहक तलाशता था, जिसे वह दस्तावेज गुम होने की बात कह कर औने-पौने दाम पर चोरी की दोपहिया बेचता था।*

### परमहंस बा प्रभु के जन्मोत्सव पर आज विविध कार्यक्रम

**रायपुर।** राजयोगिनी परमहंस स्वामी सुगंधेश्वरानंद महाराज का जन्मोत्सव शनिवार को स्टेशन रोड स्थित कुमार शॉप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 से प्रारंभ होकर देर रात तक जारी रहेगा। आयोजन समिति के ललित दत्ता और काजल दत्ता ने बताया कि पाद्य पूजन से प्रारंभ कार्यक्रम में ध्यान-सत्संग के अलावा ओम नमो भगवते वासुदेवाय षोड्ष मंत्र का अखंड पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर रायपुर जिले के विभिन्न क्षेत्र के साधक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# बीमारियों की रोकथाम और वैक्सीनेशन में निगरानी महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीमारियों की रोकथाम और चलाए जाने वाले वैक्सीनेशन अभियान में निगरानी अथवा सर्विलांस महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से चलाए जाने वाले अभियान में प्राप्त होने वाला डेटा अनुसंधान में उपयोग किया जा सकता है। वैक्सीन की मदद से बच्चों में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को रोकने और सर्विलांस की मदद से रोग के कारणों की पहचान करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान सर्विलांस कार्यक्रम की मदद से प्रदेश के अंदर बीमारियों को रोकने और वैक्सीन की मदद से रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि हेल्थ सर्विलांस और इंटेलीजेंस की मदद से टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। पोलियो और स्माल पाक्स को रोकने में टीकाकरण की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में विभिन्न प्रकार के रोगों की सर्विलांस का सबसे बड़ा कार्यक्रम चलाया जाता है, जिससे बड़ी संख्या में डेटा प्राप्त होता है।

### सीधी भर्ती वालों को तीन साल प्रमोशन नहीं इसलिए अन्य पद भी खाली

# पीजी डाक्टरों की स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टिंग, कालेजों में एसआर का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी के मामले में एनएमएसी के सख्त रुख के बाद विचार-मंथन का दौर शुरू हो गया है। तर्क दिया जा रहा है कि पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों को स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टिंग दी जाती है और कालेजों में सीनियर रेजिडेंट डाक्टरों की कमी रह जाती है। शासन स्तर पर जिनकी सीधी भर्ती की जाती है, उन्हें तीन साल तक प्रमोशन नहीं दिया जाता और कालेजों में सीटें लाने अहम भूमिका निभाने वाले एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद खाली रह जाते हैं।

**फैकल्टी की कमी पर एनएमसी के सख्त रुख के बाद विचार मंथन शुरू**




नेशनल मेडिकल कमीशन की ओर से विभिन्न कमियों का हवाला देकर तीन कालेजों पर बड़ा जुर्माना लगाया गया है। इस मामले पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय स्तर पर विचार-विमर्श का दौर चल रहा है। सबसे बड़ा मुद्दा फैकल्टी का है जो लगभग सभी कालेजों में काफी कम है। इस मामले में कहा जा रहा है कि पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों को स्वास्थ्य केंद्रों के बजाए मेडिकल कालेज में सीनियर रेजिडेंट के रुप में पदस्थ किया जाना चाहिए। इससे एसआर की जो कमी बताई जा रही है वह पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। अन्य राज्यों को पीजी डाक्टरों को मेडिकल कालेजों में नियुक्ति दी जाती है, मगर छत्तीगढ़ में बांडेड सेवा के तहत उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ कर दिया जाता है। मेडिकल कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसरों की समय-समय पर भर्ती की जाती है, मगर नियम के मुताबिक उन्हें तीन साल तक प्रमोट नहीं किया जाता है, जिसकी वजह से ऊपर के पद खाली रह जाते हैं।

#### आचार संहिता के बाद भर्ती

फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए समय-समय पर संविदा भर्ती की जाती है। आचार संहिता की वजह से यह नहीं हो पाया है। शासन स्तर पर भी असिस्टेंट प्रोफसरों की भर्ती आचार संहिता शिथिल होने के बाद की जाएगी। एनएमसी ने जुर्माना लगाया है, आशा है कि किसी शासकीय कालेज में सीटें लैप्स नहीं होंगी।

\- डॉ. यूएस पैंकरा
डीएमई

#### स्वास्थ केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी

सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में प्राथमिक स्तर के इलाज चिकित्सा अधिकारियों द्वारा संभाला जा सकता है मगर राज्य में विशेषज्ञों को ड्युटी भी वहां लगाई जाती है। यूडीएफए सहित विभिन्न संगठनों द्वारा चिकित्सा विशेषज्ञों को शासकीय मेडिकल कालेजों में पोस्टिंग देने की मांग काफी समय से की जाती रही है। यह भी तर्क दिया गया कि सीधी भर्ती वाले चिकित्सों को आवश्यक होने पर सालभर में प्रमोट किया जाए।

#### एनएमसी को भेजी जानकारी

एनएमसी सेल के डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि शासकीय जेएन मेडिकल कालेज रायपुर की ओर से एनएमसी को आपत्तिवार जानकारी प्रेषित की गई है। फैकल्टी के मामले में उन्हें चिकित्सा शिक्षकों के मोबाइल नंबर, ब्लड बैंक का लाइसेंस, अस्पताल में हुए प्रसव तथा अन्य ओपीडी की जानकारी भेजी गई है। दावा किया जा रहा है कि इन दस्तावेजों के आधार पर एमबीबीएस की सभी सीटों पर प्रवेश की अनुमति दे दी जाएगी। जुर्माना वापसी एनएमसी अधिकारियों पर निर्भर करता है कि वे जवाब से कितने संतुष्ट होते हैं।

### रामू रोहरा बोले- नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई के तेज होने से कांग्रेस में भारी निराशा

**रायपुर ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामू जगदीश रोहरा ने नक्सलवाद के खिलाफ विष्णुदेव साय की सरकार की निर्णायक लड़ाई को स्वागत योग्य बताते हुए कहा, इस लड़ाई से कांग्रेस में बेहद निराशा का माहौल है। श्री रोहरा ने कहा, कभी कांग्रेस उन नक्सलियों के मारे जाने के सबूत मांगती है जिनके मरने की पुष्टि खुद नक्सली नेता कर चुके होते हैं और जब भाजपा की साय सरकार पुनर्वास की नीति के लिए नक्सलियों से सुझाव मांगती है, तो भी कांग्रेस उस पर सवाल खड़े करती है। श्री रोहरा ने कहा, ना तो कांग्रेस पुलिस बलों द्वारा नक्सलियों के मारे जाने को स्वागत योग्य बता रही है ना ही पुनर्वास नीति के लिए नक्सलियों के सुझाव लेने की प्रशंसा कर रही है यानी कुल मिलाकर वह छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या के खात्मे में को लेकर उठाए जा रहे किसी भी कदम से नाखुश है निराश है। कांग्रेस नक्सलवाद पर केवल राजनीति करती आई है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तो इसके कीर्तिमान बनाए हैं उन्होंने कांग्रेस के नेताओं के मारे जाने की घटना के सबूत जेब में होने की बात सार्वजनिक रूप से कही थी, लेकिन आज तक उन्होंने ऐसा कोई सबूत प्रस्तुत नहीं किया। पांच साल की भूपेश बघेल की सरकार ने कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों के संरक्षण का काम किया,नक्सली यह कहने लगे थे कि अब कांग्रेस की सरकार यानी हमारी सरकार है लेकिन जब अब भाजपा की लड़ाई निर्णायक रूप से नक्सलवाद के खिलाफ हो रही है तो कांग्रेस में उदासी छाई है।

## खबर संक्षेप

### सहगांव स्कूल पहुंचे एबीईओ, समर कैंप में गतिविधियों का किया निरीक्षण

**डौण्डीलोहारा।** बच्चों की प्रतिभा विकास के लिए प्राथमिक व माध्यमिक शाला सहगांव में समर कैम्प चलाया जा रहा है। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एके साहू ने समर कैम्प का अवलोकन किया ।उस समय बच्चे विजय कुमार पटेल के मार्गदर्शन में संगीत के साथ भोजपुरी गायन सीख रहे थे। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से सीख रहे कला की जानकारी ली। बच्चों ने कहा कि हम लोग समर कैम्प के दौरान चित्रकला, रंगोली, झुमर निर्माण, गायन, नृत्य, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन आदि सीख रहे हैं। बच्चों द्वारा बनाए गए झुमर को देखकर तथा गायन शैली को सुनकर काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने बच्चों को समर कैम्प में सीख रहे कला को घर में भी सतत अभ्यास करने, अधिक मात्रा में पानी पीने व धूप में बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही, प्रधान पाठक के.एल. चुरेन्द्र, विजय कुमार पटेल, होमलाल पटेल, नीलिमा राम, केशर अलेन्द्र, दीपा आमदो, हेमलता साहू उपस्थित थे।

### कार से चोरी करने वाला आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 379, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कैलाश नगर निवासी दीपक शर्मा अपनी कार को लक्ष्मीनगर शीतला तालाब के पास खड़ा किया था। अज्ञात ने कार का शीशा तोड़कर चोरी कर फरार हो गया था। शिकायत पर टीआई सुपेला राजेश मिश्रा ने आरोपी की तलाश में टीम के साथ जुट गए। पुलिस ने आसपास के सीसी कैमरों का फुटेज को खंगाला गया। जिसमें संदेही युवक के बारे में पता किया गया। पुलिस ने पहले संदेह के आधार पर शंकर पारा निवासी पंकज कुमार मिश्रा हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी से पुलिस ने नगदी 1 हजार रूपये का बरामद किया।

### करबला समिति समाज के उत्थान में सक्रिय

**भिलाई** । मोहर्रम करबला समिति भिलाई के गुलाम सैलानी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि हमारी समिति मुस्लिम समुदाय और सर्वधर्म समाज के उत्थान के लिए वर्षों से कार्यरत है। जीई रोड के किनारे मजार और मस्जिद के निकट दुकानों की आय से समाज के गरीबों का कल्याण किया जाता है। यहां धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में सभी भाग लेते हैं।

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** दहेज के नाम पर फिर एक बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आदित्य नगर दुर्ग में अर्पिता राजपूत का विवाह सौरभ राजपूत के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। शादी को 11 माह हुआ था। ससुराल वालों से दहेज की मांग अर्पिता से लगातार करते थे। इससे परेशान होकर अर्पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बात को लेकर अर्पिता ने अपने मायके में कई बार बताया भी था लेकिन मायके वालों ने बेटी का घर बस जाए। सोचकर ससुराल वालों को कुछ भी नहीं कहते थे। ससुराल वालों से तंग आकर अर्पिता ने गुरुवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**कैंप : ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करने स्कूलों में लगाए जा रहे हैं समर कैंप**

# बच्चे खेल-खेल में सीख रहे विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद







स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय फिजिकल फिटनेस के अंतर्गत योगासन, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प का प्रशिक्षण दिया गया।

प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने सूर्य नमस्कार अभ्यास का संचालन करते हुए कहा कि शरीर और मन की ऊर्जा को सही दिशा में केंद्रित कर सकारात्मक सोच एवं रचनात्मक कार्य में बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। पर्यावरण जागरूकता हेतु ईको ग्रीन गेम का प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने पिक एंड सोर्ट गेम में विभिन्न अपशिष्ट जैविक सामग्री को अपने ग्रुप में संग्रहीत कर आकर्षक डिजाइन का बेहतर प्रदर्शन किया। गो एंड टच गेम में अपने आसपास के पर्यावरण में वनस्पति को पहचानने प्रयास किया गया। ओह डीयर गेम में हिरणों की संख्या बढ़ने से उनके आश्रय, भोजन, पानी की समस्या को प्रदर्शित किया गया।

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में योग व खेलों के साथ विभिन्न विधाओं का दिया जा रहा प्रशिक्षण

खेल प्रशिक्षक जयंत देवांगन ने छात्रों को कुश्ती एवं बाक्सिंग का विशेष प्रशिक्षण दिया। व्याख्याता मनोरमा कुंभज छात्राओं को नाट्य अभिनय का प्रशिक्षण दे रही हैं। अर्चना साहू नृत्य विधा में छत्तीसगढी लोकनृत्य का प्रशिक्षण दे रही हैं। आर ठाकुर संगीत गायन में राग भूपाली के सरगम, लय, ताल का प्रशिक्षण दे रही हैं। सुषमा तिवारी और चेतन नागवंशी ने आर्ट एंड क्राफ्ट के अंतर्गत रंग बिरंगे फूल, गुलदस्ता, टोपी, बैज कागज का थैला, आरिगैमी का प्रशिक्षण दिया। रोवर लीडर नेमसिंग साहू ने लागबुक एक्टिविटी के अंतर्गत पायनिरिंग प्रोजेक्ट टैंट पिचिंग, गैजेट्स निर्माण का प्रशिक्षण दिया।शैलेन्द्री साहू ने डिजिटल अवेयरनेस में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया।

## बच्चों ने नाटक के माध्यम से बताई पेड़-पौधों की महत्ता

**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली में समर कैंप प्रारंभ किया गया।

कैंप में छात्र विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं ने भजन, गीत, कविता, रंगोली, छतीसगढ़ी जनउला, अंत्याक्षरी, विभिन्न इनडोर गेम्स में अपनी रुचि दिखाई। वहीं, प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पेड़ की सुरक्षा पर बहुत ही प्रेरक नाटक प्रस्तुत कर बताया कि वृक्ष हमारे लिए संजीवनी, हर हाल हमें पेड़ों काटने से बचाना है। ईंधन के लिए पेंड काटने की मजबूरी बताई गई, तो छात्रों ने शासकीय योजनाओं द्वारा प्रदान की जा रही ईंधन गैस सिलेंडर की याद दिलाई । वहीं, कोविड काल में ऑक्सीजन की कमी को स्मरण ताजा करते हुए बताया कि पेड़ों से हमें आक्सीजन दिया जाता है। बच्चों ने हीट वेव से बचने एवं उपचार, विभिन्न प्रकार के योगासन द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन पर गतिविधियों के माध्यम से सीखने का प्रयास किया।

**शासकीय विद्यालय कुम्हली में समर कैंप के दौरान दी प्रस्तुति**



मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक प्रभा सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र के दौरान कक्षागत क्रियाओं से छूटे हुए आवश्यक सामाजिक मूल्यों एवं कौशल को सीखने समझने के लिए ऐसे अवकाशकालीन संक्षिप्त कैंप विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक होता है। प्राथमिक प्रधान पाठक सीएल साहू ने कहा कि समर कैंप में बच्चों को स्वच्छंद, भयमुक्त रूप से अपनी रुचि के अनुकूल परिवेश मिलता है, तब सीखने की गति बढ़ जाती है।

### भगवान बुद्ध की जीवनी बताई

समर कैंप के दौरान भगवान बुद्ध की जयंती पर गौतम बुद्ध की जीवनी और विश्व को दिए उनके सिद्धांतों पर चर्चा की गई। उन्हें नमन करते हुए आसपास के ऐतिहासिक धरोहर, रामायण, महाभारत, सामाजिक नाते रिश्ते, भारतीय वैदिक संस्कृति, मंत्रोच्चार से नैतिक मूल्यों का आत्मसात्मीकरण का प्रयास शिक्षकों के निर्देशन में किए गए।

## शासकीय विद्यालय टटेंगा में बच्चों को केरियर के संबंध में दी गई जानकारी




**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा विकासखंड डौंडीलोहारा में प्राचार्य आर.के. देवांगन के नेतृत्व में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। व्याख्याता हर्षा देवांगन ने बताया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास के लिए विभिन्न विधाओं पर शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास हेतु खेलकूद एवं योग शिक्षा, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर विशेष जोर देते हुए लोक नृत्य एवं राष्ट्र को समर्पित देशभक्ति गीत बच्चों को सिखाया गया। गीत कहानी, कविता, हस्त लिपि सुधार पर कार्यशाला, मेहंदी, क्राफ्ट वर्क, यातायात सुरक्षा पर संगोष्ठी, पर्यावरण शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा पर चित्र कला एवं निबंध का आयोजन, अभिव्यक्ति कौशल पर कार्यशाला जिसमें बच्चे अपने बातों को स्वतंत्रता पूर्वक और बेहतर ढंग से रख सके इस पर गतिविधि कराया गया। मुख्य विषय केरियर गाइडेंस पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि अधिकतर देखा जाता है कि बच्चों को कक्षा दसवीं के बाद विषय चयन करने में काफी दिक्कतें आती है और भविष्य में अपने लक्ष्य प्राप्ति से भटक जाते हैं। इसलिए बच्चों में व्यापक, विकासात्मक, व्यावसायिक एवं शैक्षणिक विकल्पों के चयन के लिए कैरियर गाइडेंस पर विशेष चर्चा की गई। समर कैंप में विद्यालय के प्राचार्य आर. के. देवांगन एवं समस्त शिक्षकगण आर. डी.देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टी. एल.देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, पवन सिंह,हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद साहू, महेश रावटे, सी.सोनबोइर, अनुराधा गोरे समस्त शाला परिवार समर कैंप में उपस्थित होकर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# कुर्की वारंट तामील कराकर संपत्ति कर 1.48 लाख की वसूली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में ऐसे संपत्ति करदाता जो मार्च अप्रैल में संपत्ति कर जमा नहीं किए थे उन्हें नगर निगम अधिनियम 1956 के धारा 174 के तहत नोटिस तामील कराई गई गई थी। इसमें से कुछ व्यापारियों द्वारा संपत्ति कर की राशि जमा कर दी गई थी। परंतु कुछ ऐसे व्यापारी भी है जो संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे थेद्ध उन व्यापारियों के विरुद्ध आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा धारा 175 के तहत वारंट शक्ति पत्र जारी किया गया । सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को कुर्की दल का अधिकारी नियुक्त किया गया था उनके द्वारा आज मदर टैरेसा नगर जोन क्रमांक 3 के राजस्व के आमला को लेकर के हैं। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट जाकर बकायादारो से संपर्क किया गया। नोटिस तामील की सूची दिखाई गई। इसके बाद आज कुर्की दल द्वारा संपत्तिकर की वसूली की गई कुल चार व्यवसाईयों से संपत्ति कर की राशि 1.48 लाख वसूली की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी इसमें व्यापारी संघ भी सहयोग करने के लिए आश्वासन दिया है नगर निगम भिलाई सभी संपत्तिकर बकायादारों से अपील करती है कि अपने दायित्वों का संपत्ति कर जमा कर देवे अन्यथा वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

# विकास के लिए शिक्षा जरूरी : साय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा




रायपुर के आंजनेय विश्वविद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव "उड़ान 2024" शुक्रवार से आयोजित हुआ। इस आयोजन में विशेष आमंत्रण पर डौंडीलोहारा के युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मुख्य अतिथि मुख्य मंत्री विष्णु देव साय, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के साथ युवराज श्री टेकाम ने क्षेत्र के विकास को लेकर भी चर्चा की। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के पुत्र द्वारा यह वार्षिक उत्सव आयोजित था। इसके अलावा मंच पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत और अमित साहू भी नजर आए।

- आंजनेय विश्वविद्यालय के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- कार्यक्रम के दौरान युवराज लाल निवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। आज हम विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है। मुझे उम्मीद है यह विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेगा। साथ ही विकसित भारत के निर्माण में यहां के विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों में लक्ष्य हासिल करने का जुनून होना चाहिए। वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का आदर्श वाक्य "विद्या परम बलम" है जिसका उद्देश्य ही समाज के हर वर्ग तक शिक्षा की पहुँच को सुनिश्चित करना है। जिसके लिए हमारा विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है। वर्षभर विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। वहीं मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहिब, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कर्नल उमेश कुमार मिश्रा, एसबीए सोसाइटी के अध्यक्ष जितेंद्र नाहर, विश्वविद्यालय की प्रति कुलाधिपति दिव्या अग्रवाल, कुलपति डॉ टी रामाराव, डायरेक्टर जनरल डॉ. बीसी जैन, प्रति कुलपति सुमित श्रीवास्तव, समस्त डीन, समस्त विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दो दोपहिया भिड़े, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



शहर में बेलगाम ट्रैफिक और रफ्तार के चलते दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इनमें आए दिन लोगों की मौत के के साथ घायल भी हो रहे हैं। शुक्रवार को फिर सेक्टर 7 में दो दोपहिया की ठोकर से दोनों वाहन चालक घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। एक की स्थिति गंभीर बताई गई है। शाम 5 बजे सेक्टर 7 महाराणा प्रताप चौक के निकट स्पीड से विपरीत दिशा से आ रहे दो दोपहिया वाहनों की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। महाराणा प्रताप चौक की ओर से ग्लोब चौक की तरफ जा रही टीवीएस नंबर सीजी-07 बी वाए 6259 विपरीत दिशा से आ रही दोपहिया सीजी- 07 बी डब्ल्यू 1650 से टकरा गई। दोनों की स्पीड इतनी अधिक थी कि दोनों वाहनचालक जबदस्त ठोकर के बाद दूर फेका गए। टीवीएस चालक रेश्ने आवास कालोनी कोहका के करीब 25 वर्षीय युवक राहुल माथा फट गया वहीं दूसरे दोपहिया चालक का सर, पीठ तथा कोहनी मे गंभीर चोटें आईं। सर फटने से काफी खून बह गया। दोनों को तड़पता देख सड़क से गुजर रहे कुछ वाहनचालकों ने संजीवनी 108 व पुलिस को फोन किया। करीब पंद्रह मिनट बाद ग्लोब चौक की ओर जा रहे बीएसएफ के वाहन को रोककर अधिकारी व कर्मियों ने पुलिस की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब हो कि गुरुवार को पंथी चौक में हुई दुर्घटना में एक युवक की मौत और बुधवार को मौर्या अंडरब्रिज रेलवे एवेन्यू रोड पर दो दोपहिया वाहनों की आपस में ठोकर से दो महिला वाहनचालक घायल हो गईं थीं।

- लगातार बढ़ रही दुर्घटना एक हालत गंभीर

# मोटर साइकिल व ऑटो में टक्कर पति-पत्नी घायल, बच्ची सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



शुक्रवार को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे बालोद मार्ग पर चिल्हाटीकला व भरदा के बीच एक बाइक व ऑटो की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार पति-पत्नी व सात माह की बच्ची बाइक सहित मार्ग पर गिर गए, वहीं ऑटो भी पलट गया। बाइक सवार पति-पत्नी को गहरी चोट आई है, वहीं महिला ने अपनी सात माह की बच्ची को किसी तरह सुरक्षित बचा लिया। उसे खरोंच भी नहीं लगी। उधर, ऑटो में सवार एक पूरा परिवार बाल-बाल बचा, उन्हें मामूली चोटें आई हैं। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार दंपति हितेश यादव 30 वर्ष और उसकी पत्नी रितु यादव 25 वर्ष व सात माह की बच्ची वेविता यादव मूलतः थाना गुंडरदेही क्षेत्र के ग्राम भरदा खुर्द के निवासी हैं। ये दंपती अपनी बच्ची के साथ सुबह अपने रिश्तेदार के घर ग्राम पाररास से ग्राम राणाखुज्जी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। इस बीच चिल्हाटीकला और भरदा के बीच अचानक एक अन्य बाइक सवार इनसे ओवरटेक करते हुए निकला। इससे इनकी बाईक अनियंत्रित हो गई और विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे वे दोनों बाइक सहित गिर पड़े व ऑटो भी पलट गया। ऑटो में भी पति पत्नी व बच्चे एक ही परिवार के लोग शामिल थे, जो राजनांदगांव से धमतरी जा रहे थे। घटना के बाद ऑटो में सवार लोगों ने ही दंपत्ति को व बच्ची को संभाला व संजीवनी 108 को काल किया। ऑटो में सवार लोगों ने ही पुलिस को बताया कि बच्ची माँ की गोद में ही थी व सुरक्षित है, उसे कहीं पर चोट नहीं लगी। एएसआई अनितराम यादव को ऑटो में सवार एक परिवार के लोगों ने बताया कि बच्ची मां के आंचल पर थी मां स्वयं चोट खा गई पर बच्ची को चोट नहीं लगने दी। दोनों ही पति-पत्नी को नगर के शासकीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कागजी कार्यवाही की जा रही है।

- बालोद मार्ग पर चिल्हाटीकला व भरदा के बीच हुई दुर्घटना

### माँ ने बच्ची को आंच नहीं आने दी

सात माह की बच्ची वेविता को गोद में अपनी आँचल से तेज धूप व गर्म हवा से बचाते हुए मां रितु यादव अपने पति के साथ बाइक पर पीछे बैठकर ग्राम रानाखुज्जी जा रही थी। उसे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि मार्ग पर ऐसा कुछ हो जाएगा। परन्तु माँ आखिर माँ ही है। अचानक घटी दुर्घटना में भी उसने अपनी बच्ची को सीने से लगाए रखा और स्वयं चोटिल हो गई, पर बच्ची को खरोच भी नहीं आने दी। सूचना मिलने के बाद उनके परिजनों ने आकर बच्ची को संभाला व उन्हें इलाज के लिए राजनांदगांव मेडिकल कालेज ले गए।

# कार की टक्कर से दुपहिया सवार घायल

**बालोद।** तेज रफ्तार चार पहिया वाहन कार ने स्कूटी सवार व्यक्ति को ठोकर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार की रात करीब 8 बजे शहर के गंजपारा में स्थित सुमित बाजार के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार सुपेला भिलाई दोपहिया चालक विकास चंद्रकर गंगा मैया मंदिर में दर्शन करके वापस घर लौट रहा था। इस दौरान सामने से कार चालक सतीश कुमार साहू ने तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उसके



वाहन को ठोकर मार दी। कार में सतीश कुमार साहू और फॉरेस्ट कॉलोनी पानाबरस डिपो जुर्रीपारा निवासी कशिस परते दोनों सवार थे। हालांकि कार सवार दोनों युवक युवती को चोटें नहीं आई है। बताया जाता है कि घटना के बाद कार चालक सतीश साहू घायल विकास चंद्राकर को डरा धमकाकर अपना वाहन लेकर फरार हो गया और अपनी कार को पानाबरस डिपो में ही वन विभाग के कर्मचारी के घर छुपा दिया था। हालांकि पुलिस ने पानाबरस डिपो से कार को जब्त कर लिया है। वहीं, मामले में कार्रवाई करते हुए कार चालक सतीश के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

# देश में भारत, प्रदेश में छत्तीसगढ़ को महतारी का दर्जा : जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

धर्मसभा समिति नवागढ़ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस व संत सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ प्रांगण में हुआ। जिसमें चित्रकूटधाम हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य ने कहा कि केवल देशों में भारत देश को माँ का दर्जा मिला है तो वैसे ही प्रदेशों में छत्तीसगढ़ को महतारी से सम्बोधित किया जाता है। इसलिए छत्तीसगढ़ की भूमि धन्य है जहां मां कौशल्या ने जन्म लिया और भगवान श्रीराम का ननिहाल है।

जगतगुरु ने कहा कि आज लोग जगह-जगह कथा सुनकर धर्म को जानना चाहते है लेकिन धर्म के मार्ग पर कोई चलना नहीं चाहता, क्योंकि धर्म की थोड़ी कठिन है। उन्होंने कहा कि यदि लोग धर्म के रास्ते को अपना ले तो अपने आप ही सृष्टि से अधर्म का विनाश हो जाएगा।

इस अवसर पर पंडित ओमप्रकाश ठाकुर, मिंटू बिसेन, देवेंद्र धर दीवान, रमेश चौहान, वीरेन्द्र जायसवाल, बबलू ताम्रकार,जेजी गोस्वामी, शेखर शर्मा, मनीष साहू, नरसिंह जायसवाल, संतोष देवांगन, रामनारायण पाठक, रमणीक गुप्ता, संतोष खुराना, लक्ष्मीचंद जैन, पृथ्वी ठाकुर, अभिषेक पाठक, राजेन्द्र मिश्रा, बसंत विश्वकर्मा, सम्पत साहू, रामनाथ ध्रुव, रामचेत पाल, मिलाप वर्मा, मिलाप साहू सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

## नवागढ़ में शुरू हुआ श्रीरामचरितमानस व संत सम्मेलन

### सनातम धर्म में नारी को देवी का दर्जा

जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य ने कहा कि सनातन धर्म में नारी का विशेष सम्मान है, उसे देवी की उपाधि दी गई है। क्योंकि नारियों की प्रवृत्ति सदैव देने की होती है, इसलिए उसे देवी कहा गया है। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ ने पत्नी के साथ तपस्या की तो श्री राम का जन्म हुआ था। पत्नी का दंपति धर्म यदि जीवन में साथ रहता है तो मनुष्य के मन में श्री राम का जन्म होता है। राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या को जब पति और पुत्र में से एक को चयन करने की बात आई, तो उन्होंने दुखी पति के साथ रहना स्वीकार किया। श्री राम को वनवास के लिए त्याग दिया था। नारी को सदैव पति के दुख में साथ देना चाहिए।



### सुख में करें राम को स्मरण

जगतगुरु ने कहा कि अहंकार, काम, क्रोध, मोह टूटने से जीवन में सफलता मिलती है। यदि हम सुख में राम का स्मरण करे तो दुख कभी नहीं आएगा। धर्म के मार्ग पर चलने वाले का सदैव कल्याण होता है। मनुष्य जीवन में यदि सफलता प्राप्त करनी है तो निंदा का अपराध करने से बचना चाहिए। श्री राम इच्छा को स्वीकार करना मनुष्य का कर्तव्य है।

## खबर संक्षेप

### फसल क्षतिपूर्ति के लिए पूर्व विधायक बंजारे ने राजस्व मंत्री को लिखा पत्र



**नवागढ़।** पूर्व संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को पत्र लिखकर नवागढ़ ब्लॉक के किसानों को फसल क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया कि माह फरवरी-मार्च में हुई असमय बारिश एवं ओला वृष्टि से नवागढ़ विधानसभा के किसानों की राज्य सरकार द्वारा फसल क्षतिपूर्ति के लिए जारी फसल को व्यापक क्षति हुई है, राशि का आबंटन 15 मई को कलेक्टर बेमेतरा द्वारा तहसीलदारों को जारी किया गया है। जिसमें नवागढ़ ब्लॉक के लिए राशि आबंटित नही की गई है इससे ब्लॉक के बड़ी संख्या में किसान क्षतिपूर्ति की राशि से वंचित हो गए हैं। बंजारे ने राजस्व मंत्री से मांग किया है कि किसानों को तत्काल फसल क्षति की राशि दिलाते हुए उन्हें खरीफ फसल की तैयारी में सहयोग प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि माह फरवरी-मार्च में हुई बारिश से नवागढ़ विधानसभा में चना, गेंहू, तिवरा की फसल के साथ-साथ धनिया मसूर को नुकसान हुआ था।मार्च महीने में कृषि विभाग की टीम बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मौके का निरीक्षण करने खेत तक पहुंची थी। हाल में कलेक्टर ने जो राशि जारी की है उसमें नवागढ़ ब्लाक का नाम नहीं था।

### कांग्रेस ने झीरम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**बालोद।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के नेतृत्व में 25 मई 2013 को झीरम घाटी के नक्सली हमले में शहीद नेता नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं शहीद हुए अन्य नेताओं की पुण्यतिथि को शहीदों के व्यक्तित्व व कृतित्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कृष्णा दुबे, पुरषोत्तम पटेल, पुष्पेंद्र तिवारी, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश गजेंद्र, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र साहू, युवा कांग्रेस महासचिव आदित्य दुबे, फरहान खान, कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### शासकीय विद्यालय चिखली में बच्चों को दी जा रही विविध जानकारी

**दल्लीराजहरा।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में कम्प्यूटर शिक्षा की जानकारी दी गयी। बच्चों को कम्प्यूटर के बेसिक ज्ञान के बारे में के कुमार व्याख्याता ने स्टार्ट, डेस्कटॉप, सटडाऊन व पावरप्वाइंट की जानकारी दी। 20 मई से प्रारंभ इस शिविर में संजय ठाकुर ने जैव विविधता पर, टोमन विनायक ने यातायात सड़क नियम व पर्यावरण संरक्षण, चन्द्रशेखर पवार खेल, भागीरथी कुलदीप द्वारा गायन, वादन, व नृत्य की शिक्षा दी जा रही है। प्राचार्य विनिता सैनी ने बताया कि पूरे दस दिनों तक चलने वाली शिविर में प्रति दिन अलग अलग कार्यक्रम किया जा रहा है, जिससे बच्चों को प्रत्येक क्षेत्र की जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा (ई) बैठक हुई। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी ने की । बैठक में सभी कार्यपालक निदेशक व विभाग प्रमुख सदस्य आननलाइन माध्यम से उपस्थित थे। श्रीमती सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। संयंत्र को 100 प्रतिशत कामकाज हिंदी में करने के लिए निर्देशित किया गया है। हमें इसके अनुपालन की दिशा में हर संभव प्रयास करना है। एजीएम सुभाष भाई पटेल ने स्वागत भाषण दिया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने विगत बैठक की कार्यसूची का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के ही दो गुटों में था मुकाबला

# बेरला जनपद पंचायत के अध्यक्ष चुने गए प्रीतम, उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी यामिनी को


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के अध्यक्ष अंजनी कुमार उर्फ प्रीतम चन्देल को बनाया गया है, वहीं यामिनी सुरेश वैष्णव उपाध्यक्ष चुनी गई हैं। राजनीति के लिहाज से कहा जाए तो बेरला जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव राजनीति में दखल देने वालों के लिए एक तरफ से प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था, जिसके कारण ही पर्याप्त जनपद सदस्यों का बहुमत होने के बावजूद एक बार निर्वाचन की प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। लेकिन, जिला प्रशासन द्वारा 24 मई को बेरला जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन के लिए नियत की गई थी, जिसके बाद निर्धारित समय पर जनपद पंचायत के सभा कक्ष में निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई।

■ जनपद पंचायत बेरला के अध्यक्ष प्रीतम चन्देल व यामिनी सुरेश वैष्णव उपाध्यक्ष की नियुक्ति हुई

### अंजनी कुमार को मिले 18 मत

जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित अंजनी कुमार चन्देल और भाजपा के ही चंद्रिका बाई वर्मा दोनों ने अपनी उम्मीदवारी बताते हुए नामांकन भरा था। परिणाम स्वरूप 25 जनपद सदस्यों वाली जनपद पंचायत में अंजनी कुमार चन्देल को 18 मत प्राप्त हुए, जबकि चंद्रिका बाई वर्मा को महज 7 मत ही मिल पाए। इस तरह अंजनी कुमार को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए भी लगभग इसी तरह की स्थिति बनी रही। यामिनी वैष्णव को 16 मत प्राप्त हुए, वहीं सरस्वती साहू को 6 मत प्राप्त हुए, जबकि तीन मत को अवैध घोषित कर दिया गया। बहरहाल निर्वाचन अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पिंकी मनहर ने विजेताओं के नाम घोषित कर दिए।



### कहीं नजर ही नहीं आई कांग्रेस

इससे पहले कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के चलते अपना-अपना पद गंवाना पड़ा था। किंतु मतदान में कांग्रेस तो कहीं नजर नहीं आई। वहीं भाजपा के जनप्रतिनिधि ही दो गुटों में बंटकर खुद ही आमने-सामने ताल ठोकते नजर आए। इससे पहले यह बताना लाजमी होगा कि पूर्व में भी निर्वाचन के लिए तिथि जिला प्रशासन द्वारा घोषित की गई थी। भाजपा की अंदरूनी लड़ाई के कारण यह प्रकिया स्थगित कर दी गई थी। इस बीच कई तरह के समीकरण बनते और बिगड़ते रहे किंतु अध्यक्ष पद के लिए प्रीतम चन्देल की दावेदारी को प्रभावित नहीं कर सके।

### जीत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर

निर्वाचन परिणाम घोषित के बाद समर्थकों ने जैसे ही प्रीतम चन्देल व यामिनी वैष्णव व सभी जनपद सदस्य बाहर निकले, पूरा परिसर और क्षेत्र जय श्रीराम, भारत माता की जय तथा भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। समर्थकों ने फूल माला पहनाकर व पटाखा फोड़कर जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया। वहीं, प्रीतम चन्देल व यामिनी वैष्णव ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत सभी की जीत है और हमारा काम सभी को एक साथ लेकर बचे हुए दिनों में जनहित के कार्यों को तेजी लाकर लोगों की सेवा करना है। जीत के बाद नगर में विराजमान भगवान बजरंग बली के आशिर्वाद लेने पहुँचे अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित जनपद सदस्य व समर्थक उनके बाद प्रीतम चन्देल अपने कुल देवता सिंवार में विराजमान साथ ही क्षेत्र के ग्राम परपोड़ा में स्थित लट्टी बाबा का आशीर्वाद लिया। वहीं, ग्राम परपोड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

# बच्चों को पपेट शो के माध्यम से सुनाई गई ज्ञानवर्धक कहानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में समर कैम्प का आयोजन बहुत ही उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। शाला की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने बताया कि समर कैंप का शुरुवात बाल गीत रेल चली भई रेल चली गतिविधि के माध्यम से हुआ और बच्चों को रेल के इंजन के बारे में बताया गया। नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने बताया कि बच्चों को बहुभाषा आधारित कहानी पुस्तक का वाचन कराया गया।

■ शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में लगा समर कैंप

जिससे बच्चे कहानी को हिन्दी, अंग्रेजी और छतीसगढ़ी में पढ़े। बालवाड़ी के बच्चों को संतुलन बनाकर चलाया गया। जिसमें बच्चे बहुत उत्साहित होकर भाग लिए। इस गतिविधि से बच्चों में एकाग्रता का विकास होता है। प्रधान पाठिका साधना साहू ने बताया कि समर कैम्प से बच्चों में सीखने की रुचि बहुत अधिक बढ़ जाती है। बच्चे उत्साहपूर्वक शाला आते है और बिना संकोच के सब कुछ सीखने के लिए तैयार रहते है। बच्चे स्वयं कहते है कि उन्हें स्कूल आना बहुत अच्छा लगता है। प्रधान पाठिका के द्वारा बच्चों को खिलौना के माध्यम से रंगो के नाम एवं सब्जियों और फलों का नाम हिंदी और अंग्रेजी में बताया गया। साथ ही साथ डॉक्टर कीट खिलौना के माध्यम से बच्चों को हदय की धड़कन चेक करने की क्रियाविधि बताई गई। पपेट शो के द्वारा बच्चों की बहुत ही उपयोगी और ज्ञानवर्धक कहानी सुनाई गई और विभिन्न प्रकार की आकृति बनाकर बच्चों को पहचान करवाकर उस आकृति वाले वस्तुओं का पूछा गया। जिसे बच्चों ने बहुत अच्छे तरीके से बताया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक विकास होता है। शाला के शिक्षक दिलीप कुमार जांगड़े के द्वारा बच्चों को पेड़ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस समर कैम्प में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अंजलि सिंह भी उपस्थित रही। समर कैंप में बच्चे बहुत ज्यादा खुश और उत्साहित नजर आए।

# नगपुरा आत्मानंद स्कूल की टॉपर पलाक्षी का किया गया सम्मान



**अंडा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के अनुसार शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल नगपुरा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यहां छात्रा पलाक्षी सिन्हा पिता ताम्रज सिन्हा ने कक्षा दसवीं में 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उसके इस उपलब्धि पर गांव के प्रबुद्धजनों ने उसके घर पहुंचकर परिवार का मुंह मीठा करवाया गया। छात्रा पलाक्षी सिन्हा को गुलदस्ता, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया ।

उल्लेखनीय है कि पलाक्षी सिन्हा पूर्व में वैश्विक महामारी करोना के दौरान स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से राज्य स्तर पर करोना संदर्भित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर नगद पांच हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर हाईटेक हैस्पिटल भिलाई में सम्मानित हो चुकी हैं। पलाक्षी को सम्मानित करने पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग रिवेंद्र यादव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रोहित कुमार देवांगन ,राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष गोलू सिन्हा, डाक्टर भीखम धनकर, गौठान अध्यक्ष खिलेंद्र साहू, स्वप्निल शर्मा, जिला आदिवासी समाज की महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष सरोज नेताम, आदर्श विद्यालय के प्रबंधक सुरेश सिन्हा ,रविंद्र सिन्हा बंशी देवांगन, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन उनके घर पहुंचे थे।

# विद्यार्थियों को नृत्य, रंगोली, मेहंदी व चित्रकला का दिया गया प्रशिक्षण

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में लगातार पिछले कई वर्षों से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में डॉ सरोज साहू विद्यार्थियों को नृत्य, रंगोली, मेहंदी व चित्रकला सहित विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। डॉ सरोज द्वारा सेमी क्लासिकल नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न हस्त मुद्राओं एवं भावभंगिमा से परिचित कराया गया। विभिन्न रंगों को लेकर किस तरह जमीन पर एक सुंदर आकृति बनाई जा सकती है, इसका प्रशिक्षण रंगोली के माध्यम से दिया गया। इसके अलावा विविध कलाएं चित्रकला और मेहंदी कला से भी विद्यार्थी परिचित हुए और उत्साह के साथ इन सभी विधाओं में भाग लिया। संपूर्ण कार्यक्रम में शाला प्राचार्य नीलमणि उजवने का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा।



# अर्जुंदा शराब दुकान में लूट का सिलसिला थमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

नगर के देशी शराब दुकान में सेल्समैनों द्वारा शराब प्रेमियों से लूट अब बंद हो चुकी है। मदिरा प्रेमियों से शराब दुकान के सेल्समैनों द्वारा अधिक मात्रा में शराब दिये जाने के मामले को लेकर हरिभूमि से 12 मई के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था। उसके बाद आबकारी विभाग हरकत में आया और देशी शराब दुकान अर्जुन्दा में तैनात सुपरवाइज़र और सेल्समैनों को कड़ी फटकार लगाई। उसके बाद मदिरा प्रेमियों से लूट का सिलसिला थम गया है।

हालाँकि खबर प्रकाशन के बाद विभागीय अधिकारियों की फटकार लगने से मदिरा प्रेमियों से अधिक पैसे लिये जाने का क़िस्सा फ़िलहाल ख़त्म हो गया है लेकिन आबकारी विभाग की मेहरबानी अर्जुन्दा देशी शराब दुकान में तैनात सेल्समैनों पर साफ़ नज़र आ रही है।

क्योंकि बीते कई माह से इसी तरह मदिरा प्रेमियों से वहाँ पदस्थ कुछ सेल्समैन अधिक पैसे ले रहे थे, बावजूद इसके केवल फटकार लगाकर मामले को छोड़ दिया गया। जबकि विभागीय अधिकारी ने दावा किया था कि समय समय पर वहाँ लगे सीसीटीवी फ़ुटेज की जाँच की जाती है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि सीसीटीवी की जाँच के बाद भी आखिरकार सेल्समैन की करतूत कैसे नहीं पकड़ी गई।

### क़तारों में लगाकर दी जाती है शराब

हरिभूमि ने 12 मई के अंक में खबर प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया था कि अर्जुन्दा देशी शराब दुकान में तैनात सेल्समैन भीड़ का फ़ायदा उठाते हुए मदिरा प्रेमियों से अधिक पैसे लेते हैं। वहीं, एक से अधिक शराब लेने पर जानबूझकर शराब ना देकर शीशी फूट जाने का बहाना बनाते हुए पैसे ग़बन कर लेते थे। लेकिन अब सेल्समैन की यह हरकत खबर प्रकाशन के बाद बंद हो गई है और अब बाक़ायदा मदिरा प्रेमियों को क़तार में लगाकर शराब दी जाती है। ग़ौरतलब हो कि देशी शराब दुकान अर्जुन्दा में सुरक्षा की दृष्टिकोण से गार्ड तैनात किया गया है, जो पहले एक कमरे में बैठकर आराम फ़रमाते रहते थे। लेकिन, हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद अधिकारियों से फटकार मिलते ही अपना काम बखूबी करने लगे हैं। बाक़ायदा सुबह शराब दुकान खुलने और रात में बंद होने तक वह अपनी ज़िम्मेदारी निभाते नज़र आते हैं।

## जिलास्तरीय योग ओलंपियाड में किया गया खिलाड़ियों का चयन

# संभागस्तरीय योग ओलंपियाड के लिए हुई चयन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा जिला स्तरीय योग ओलंपियाड की चयन प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को बीआरसीसी कार्यालय गुरुर के सभा हाल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर जिला खेल अधिकारी मेहरा के आतिथ्य में किया गया। जिला खेल समन्वय सपन जैना, विकासखण्ड खेल प्रभारी डौंडीलोहारा जांगडे, विकासखण्ड खेल प्रभारी गुरुर जुरेशिया के दिशा निर्देश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलके. चंद्राकर, बीआरसी सी निर्मलकर की उपस्थिति में प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के दौरान विकासखण्ड गुरुर के विभिन्न शालाओं के प्रतिभागियों ने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सम्भाग स्तरीय योग ओलंपियाड के लिए चयनित हुए। सम्भाग स्तरीय योग ओलंपियाड का आयोजन 27 मई को दुर्ग में किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता को संपन्न कराने में पीटीआई अरमरीकला शैतेंद्र सिन्हा, पीटीआई सोरर मनीष साहू, पीटीआई कनेरी हेमराज सिन्हा, सहायक शिक्षक चिरचारी साकेत साहू, प्रधान पाठक हितेकशा नवरंग का योगदान रहा। उक्त जानकारी बालाराम निषाद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बासीन के द्वारा दिया गया।



### प्रतियोगिता में इनका हुआ चयन

चयनित प्रतिभागियों में बालक 16 वर्ष में ढालेंद्र, मेघराज, झालेंद्र, मयंक ये सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरर के प्रतिभागी हैं। बालक 14 वर्ष में डोमेंद्र, उत्सव, नीलकमल, पूर्वकांत, सभी प्रतिभागी शासाकिय पूर्व माध्यमिक शाला सोरर से हैं। बालिका वर्ग में अंजली, सीधिमा, करुणा, सीमा, सभी प्रतिभागी बासिन से हैं। बालिका 14 वर्ष ओजस्वी, विदया, कुलदीपिका, पूर्व माध्यमिक शाला बासीन की प्रतिभागी हैं। यास्मीन पूर्व माध्यमिक शाला सोरर की प्रतिभागी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411